तापमान

अधिकतम 41.0 डिग्री

न्यूनतम 28.0 डिग्री

हरिभूमि- कांकेर भूमि

रायपुर, मंगलवार, 30 अप्रैल 2024



12 ग्राम खोरा में पारंपरिक रस्मों के साथ विधान से...





12 अनियंत्रित ट्रक ने पिकअप और सवारी वाहन ...






## खबर संक्षेप



### प्राशा महेंद्रपुर का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

**दुर्गूकोंदल।** प्राशा महेंद्रपुर में पहली से पाँचवी तक का वार्षिक परीक्षाफल परिणाम घोषित किया गया और मेधावी छात्रों को शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रतीराम जैन द्वारा प्रमाण पत्र एवं पुरुस्कार वितरण किया गया। पहली कक्षा में प्रथम पुनीता मरकम, द्वितीय विद्या जैन, दूसरी कक्षा में प्रथम मयंक उयके, द्वितीय सानिया कोर्राम, तीसरी कक्षा में नियंता हुर्रा, द्वितीय रमिता पोटाई, चौथी कक्षा में प्रथम राहुन जैन और पाँचवी कक्षा में रीमा जैन और द्वितीय रेशमा जैन रही। इस अवसर पर रामेश्वर जैन, लालूराम नरेटी, सुखुराम नेताम, देवाराम कोठारे, जागेश्वर जैन, बिन्दा सलाम, अशवन जैन, सुमित्रा कोठारे आदि उपस्थित रहे।

### युवक ने फांसी लगा दी जान, पुलिस जांच शुरू

**कांकेर।** कोतवाली थानांतर्गत अंजनी के एक किसान के खेत की ओर मृतक 27 वर्षीय पवन यादव पिता अरूण ने 28 अप्रैल को फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। बड़ेपारा अंजनी निवासी 30 वर्षीय लोमेंद्र यादव पिता धन्नूराम ने पुलिस को बताया कि मृतक सुबह 10 बजें से अपने घर से निकला था और दोपहर 2 बजें जानकारी मिला कि पवन ने खेत की ओर साजा पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। आत्महत्या के कारणो का अभी तक पता नही चल पाया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### इलाज के दौरान मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत सुरावंड निवासी 42 वर्षीय मनोज पिता स्व. काशी राम का ईलाज के दौरान 26 अप्रैल की रात 8 बजें रायपुर के अस्पताल में मौत हो गया। जानकारी के अनुसार मृतक को हार्ट अटैक आया था। ईलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### प्रधानपाठक के साथ पांचवीं व आठवीं के बच्चों को दी विदाई



**चारामा।** सत्र के अंतिम दिन में परीक्षा परिणाम घोषित कर ग्राम रतेसरा के प्राथमिक विद्यालय प्रधानपाठक बृंदा खापर्डे और कक्षा पांचवीं एवं आठवीं के बच्चों को विदाई सम्मान दिया गया। सेवानिवृत होने जा रही बृंदा खापर्डे और कक्षा पांचवी एवं आठवीं के बच्चों को शाला प्रबंधन समिति एवं शिक्षक परिवार द्वारा स्मृति चिन्ह,पेन, श्रीफल,साल, साड़ी एवं विभिन्न भेंट किया गया।

प्रधान अध्यापिका ने अपने शैक्षिक जीवनकाल की बखान किया वही स्कूली बच्चों ने अपनी खट्टी मीठी यादें साझा किया। इस सत्र के बेस्ट स्टूडेंट ऑफ द ईयर रागिनी कांगे को उसके उत्कृष्ठ शैक्षिक एवं अन्य स्कूली गतिविधियो में उपलब्धि के लिए मोमेंटो और प्रमाण पत्र दिया गया। कक्षा आठवीं के बच्चों ने स्कूल को भी स्मृति तौहफा भेंट किया। शिक्षक धर्मेन्द्र कुमार साहू द्वारा कक्षा आठवीं के सभी छात्र को जैकेट और छात्रा को साड़ी भेंट किया गया। विदाई समारोह में संकुल प्राचार्य एआर ध्रुव, समनवयक वीरेंद्र मेहता, शाला प्रबंधन समिति सदस्य भगवान सिंह कुमेटी, भगवान सिंह कांगे, घासी राम केमरो, प्रधानपाठक सीताराम सलाम, रामेश्वरी तारम, कुंती महावीर, धर्मेन्द्र कुमार साहू, खिलेश सिन्हा, उमेश साहू, होमन ठाकुर, हेमन्त नेताम एवं ग्रामीण पालक शामिल रहे।

# 800 सौ का जीरा अब 400 रुपए किलो, लहसुन और तेल में भी राहत का तड़का


हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

## नई फसल आने से थोक व चिल्हार में और भी मिली राहत

महंगाई के बीच में अब किचन के कुछ सामानों में राहत का बड़ा तड़का लग गया है। पिछले साल जो जीरा रिकॉर्ड 800 रूपएं तक पहुँच गया था, अब उसकी कीमत आधी होकर 400 रूपएं तक पहुँच गई है। हालांकि कीमत अब भी हमेशा रहने वाली कीमत से डबल है।

लहसुन की बात करें तो इस साल नई फसल आने के बाद 450 रूपएं तक चली गई थी, लेकिन अब इसकी चिल्लर में 170 रूपएं किलो हो गई है। इसी के साथ खाद्य तेलों की कीमत भी अब बहुत कम हो गई है। सोया और राइसब्रान तेल इस समय चिल्हर में 100 रुपए लीटर है। अपने देश में महंगाई लगातार नया-नया इतिहास लिख रही है। लंबे समय से किचन के सामानों में लगातार आग लग रही थी, लेकिन नए साल की पहली तिमाही के समाप्त होने के बाद अब जाकर कुछ राहत की खबर भी है। इतिहास में पहली बार जीरा बीते साल थोक में ही साढ़े सात सौ रुपए तक चला गया था।

यह चिल्हर में दो सौ रुपए पाव और 800 रुपए किलो तक बिका। ऐसे में जीरे की खपत कम हो गई। अब धीरे-धीरे इसकी कीमत इस साल कम होती जा रही है, अब तो चिल्हर में इसकी कीमत 90 से 100 रुपए पाव और एक किलो 350 से 400 रुपए हो गई है। थोक का जहां तक सवाल है, तो थोक में इसकी कीमत 300 से 340 रुपए तक है।



- सोया और राइसब्रान तेल चिल्हर में 100 रुपए लीटर



### लहसुन की कीमत में मिली राहत

लहसुन की कीमत ने पिछले साल से रुलाने का काम किया। लहसुन की कीमत दो साल पहले थोक में 20 रुपए किलो और चिल्हर में 30 से 35 रुपएं किलो थी, लेकिन पिछले साल इसकी कीमत 30 से 100 रुपए पाव तक गई। संभावना यह थी कि नए साल में नई फसल आने पर कीमत कम होगी, लेकिन नई फसल आने के बाद कीमत और बढ़ गई। नई लहसुन की कीमत ही थोक में 340 रुपएं किलो रही। ऐसे में चिल्हर में लहसुन 120 रुपएं पाव और 450 रुपए किलो तक बिकी। इसके बाद अब धीरे-धीरे कीमत कम होतो जा रही है। इस समय थोक में इसकी कीमत 100 से 140 रूपएं है, जहाँ तक चिल्हर में यह 45 से 50 रुपए पाव और 170 रूपए किलो है।

## लापरवाही : सोलर ब्लिंकर लाइट व हेजार्ड बोर्ड एक्सीडेंट में हुए क्षतिग्रस्त, दुबारा नहीं लगाए जा रहे

# डिवायडरों पर हादसे एनएचआईए की लापरवाही, कई क्रश बैरियर ध्वस्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

- 10 से 12 बार एक्सीडेंट, विरोध में चक्काजाम किया फिर भी समस्या पर नहीं लिया संज्ञान
- डिवाइडर में उपयोगी क्रश बैरियर टूटे पड़े हैं, विभाग बेखबर

राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर चारामा से लेकर नाथियानवागांव तक बनाए गए डिवाईडरों पर कई बार हादसे हो चुके है। डिवाईडर में उपयोग में लाए जाने वाले क्रश बैरियर कई जगह टूटकर बिखरे हुए है। इसके अलावा सोलर ब्लिंकर लाईट व हेजार्ड बोर्ड टूटे पड़े हुए है। डिवाईडरों पर लगातार हो रहे हादसों को लेकर एनएचआईए कतई गंभीर नहीं है।

राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर चारामा से लेकर नाथियानवागांव के मध्य एक साल पहले तेलघरा के पास 23 अप्रैल को सवारी बस जिस प्रकार से दुर्घटना हुई, उसका दृश्य देंखकर रोंगटे खड़े होने वाली घटना घटी।

जाको राखे सांईया कहावत चरितार्थ हुई और इस घटना में एक भी सवारी को कोई चोट नहीं आई। दुर्घटनाग्रस्त बस को जिसने भी देखा, उसका यहीं कहना था कि बड़ी घटना होते होते टल गई। पिछले साल इसी स्थल पर घटना हुई थी, जिसमें तेलघरा निवासी एक ग्रामीण की मौत हो गई थी और ग्रामीणों ने रातभर चक्काजाम कर दिया था। मचांदुर से लेकर नाथियानवागाँव तक लगे डिवाईडरों में कई बार हादसे हुए है और डिवाईडर में उपयोग में आने वाले क्रश बैरियर टूटे पड़े है, उनको ठीक करने के लिए एनएचआईए और टोल टैक्स के एक भी कर्मचारी नहीं पहुँचते है। एनएचआईए विभाग के अधिकारी धमतरी में रहने और केंद्र सरकार का अमला होने के कारण लगातार लापरवाही बरती जाती है, यहाँ तक जिले के अफसरों का फोन भी रिसीव नहीं करते है। राष्ट्रीय राजमार्ग में क्षतिग्रस्त हुए डिवाईडरों को भी आज तक ठीक नहीं किया गया जबकि टोल टैक्स नियमित लिया जा रहा है।





### सोलर ब्लिंकर लाइट है क्षतिग्रस्त

मचांदुर से लेकर नाथियानवागाँव तक लगे डिवाईडरों में कई जगह जगह लगे सोलर ब्लिंकर लाईट एक्सीडेंट में क्षतिग्रस्त हो गई है, उसे आज तक नहीं बदला गया है। इसके अलावा कई जगह हेजार्ड बोर्ड भी नहीं लगा हुआ है। सिग्नल व बोर्ड नहीं होने के कारण ही हादसा ज्यादा हो रहे है। हादसों में कमी लाने के लिए बनी समिति बैठक लेती है, परंतु इन बिंदुओ पर गंभीरता नहीं दिखाती है।

### 10 से 12 बार हो चुका है एक्सीडेंट

तेलघरा में हर साल हादसा वाले स्थल पर दो साल पहले जिस दुकान में बैठा एक व्यक्ति मौत के आगोश में समा गया था और उसके बाद चक्काजाम हुआ था। उस दुकान के मालिक लीलाराम साहू का कहना था कि इस स्थान पर यह हादसा कोई पहली बार नहीं हुआ है, इस स्थल पर जब से डिवाईडर बना है, तब से 10 से 12 बार एक्सीडेंट हो चुका है। डिवाईडर जहाँ प्रारंभ होता है, वहाँ ढलान होता है, जिससे वाहन की लाईट नीचे नहीं दिखने के कारण वाहन चालक को डिवाईडर नहीं दिखता। रात में वाहन तेज गति से होता है और डिवाईडर पर चढ़ जाता है, इसलिए हादसा होता है। पिछले साल हाईवा डिवाईडर में चढ़ने से घर में घुस गया था, शिव मंदिर भी क्षतिग्रस्त हुआ था। अधिकारी लापरवाही बरत रहे है और सुधार कार्य सही ढँग से नहीं कर रहे है।

### एनएचआईए की लापरवाही उजागर

राष्ट्रीय राजमार्ग 30 का उन्नीयकरण हो जाने के उपरांत इसकी पूरी जिम्मेदारी एनएचआईए की है और इस सड़क की मानीटरिंग करने वाले अधिकारी धमतरी में निवासरत है। धमतरी में निवास होने के कारण कांकेर क्षेत्र में होने वाले हादसों को लेकर कतई गंभीर नहीं दिखे। यह सड़क जब से बनी है तब से 10 से 12 बार हादसे होने के बाद तकनिकि खामी को दूर करने के लिए आज तक कोई प्रयास नहीं किया गया। टोल टैक्स वसूला जा रहा है, परंतु हादसा होने के बाद डिवाईडर टूटे पड़े है, इनको सुधारने के लिए एनएचएआई गंभीर नहीं है।

## नंदनमारा पुल पर ट्रक की गलत पार्किंग से घंटों लगा जाम, चालक पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर



- पुलिस ने मौके पर पहुँचकर ट्रक किया जब्त और जाम को खुलवाया

कांकेर थानांतर्गत नंदनमारा पुलिया के आगे ट्रक को मुख्य मार्ग पर लापरवाही पूर्वक खड़ी करने वाले आरोपी चालक के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए ट्रक को जप्त कर लिया है। बीती रात को ट्रक चालक की लापरवाही से कई घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही व अन्य वाहनों के चालक परेशान होते रहे।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बीती रात को ट्रक क्रमांक एमपी 07 जीए 9138 का चालक ट्रक को उपेक्षा पूर्वक नंदनमारा नदी रपटा के आगे मुख्य मार्ग में खड़ा कर दिया था, जिससे उस रास्ते से गुजरने वाले वाहनो, व्यक्तियों को बाधा एवं अत्यंत परेशानी होने की जानकारी पुलिस को मिला। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और देखा कि ट्रक क्रमांक एमपी 07 जीए 9138 का चालक के द्वारा ट्रक को नंदनमारा नदी रपटा के आगे मुख्य मार्ग में खड़ा कर रखा था, जिससे आने जाने वाले लोगों एंव वाहनो चालको को परेशानी हो रही थी और जाम की स्थिति निर्मित हो रही थी। ट्रक चालक की लापरवाही के कारण कई घंटे तक नंदनमारा पुल के पास वाहनों का जाम लगा रहा। चालक की लापरवाही से राष्ट्रीय राजमार्ग 30 कई घंटे तक प्रभावित रहा। छोटे चार पहिया वाहन भी नहीं निकल पा रहे थे और छोटे चार पहिया वाहन के चालक भी जाम के शिकार हो रहे थे। लापरवाह वाहन चालक का ट्रक किस कारण से खड़ा हो गया था, वो नहीं बताया। पुलिस ने ट्रक के चालक आरोपी मुरैना जिला के ▸▸| शेष पेज 10 पर

## अज्ञात वाहन की ठोकर से बुजुर्ग गंभीर, चालक की तलाश जारी



**कांकेर।** कांकेर थानांतर्गत ग्रीन पाम होटल के पास मेन रोड में बीती रात को अज्ञात व्यक्ति ने अपने वाहन को लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बुजुर्ग को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। बुजुर्ग के बेटे ने थाना में अज्ञात के खिलाफ एक्सीडेंट करने का मामला दर्ज कराया है।

कांकेर थाना में शिकायत कराने पहुंचे आदर्श नगर कांकेर निवासी 45 वर्षीय विनोद मोटवानी पिता अशोक कुमार मोटवानी ने पुलिस को बताया कि 22 अप्रैल की रात साढ़े 11 बजे मेरे पिता अशोक कुमार मोटवानी को वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए ग्रीन पाम हाँटल के बाहर छोड़ा था। हाँटल के बाहर पैदल कुछ दूर निकले थे कि अज्ञात वाहन चालक द्वारा वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए मेरे पिता को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे मेरे पिता को सिर, चहेरे, दांए आंख, कंधा में गंभीर चोट आई है। प्राथमिक उपचार के लिए जिला अस्पताल ले गए, परंतु चिकित्सकों ने स्थिति गंभीर होने के कारण के अस्पताल में भर्ती कर दिया, जहां ईलाज जारी है। शहर में नई सड़क बन जाने पर अंधेरा होने के उपरांत युवा वर्ग दो पहिया वाहन को बहुत ही तेज रफ्तार से चला रहे है, जिसके चलते सदैव दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। कांकेर शहर में लगातार हादसे बढ़ते जा रहे है, जिसे रोकने की जरूरत है।

घायल पिता के बेटे की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ धारा 279, 337 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।



## परीक्षा परिणाम के तनाव को दूर करने कार्यशाला आयोजित की

**कांकेर।** परीक्षा परिणाम से उत्पन्न तनाव को दूर करने के लिए जिले के समस्त 247 हाई एवं हायर सेकंडरी विद्यालयों तथा निजी विद्यालयों में ऑनलाईन दक्षता विकास प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यशाला में जिले के सभी प्राचार्य वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए। कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देशानुसार जिले के सभी विद्यालयों के साथ-साथ जिला स्तर पर भी जिला पंचायत के सभाकक्ष में उक्त कार्यशाला का प्रसारण किया गया। कार्यशाला में बताया गया कि आने वाले समय में विभिन्न बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम आने वाले हैं। परीक्षा परिणाम के पूर्व तनाव एक स्वाभाविक प्रक्रिया है, किन्तु कई बार बच्चे उस तनाव के चलते अवसादग्रस्त हो जाते हैं। यह समय बच्चों एवं पालकों के लिए बहुत संवेदनशील होता है तथा तनाव में रहने के कारण विद्यार्थी द्वारा कोई अप्रिय निर्णय लिए जाने की आशंका बढ़ जाती है। इस दौरान ▸▸| शेष पेज 10 पर

## दो श्रमिक भाइयों की बेदम पिटाई 4 दबंगों पर मामला कायम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर



नरहरपुर थानांतर्गत बाजार के पास बाहर गांव से रोजी मजदूरी करने आए दो भाई के साथ कुछ दबंगो ने जमकर मारपीट किया। आरोपियों द्वारा जान से मारने की भी धमकी दिया है। पीड़ित अन्यत्र स्थान से आकर नरहरपुर में रह रहे है, जिससे उनको जान का खतरा बना हुआ है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

थाना में शिकायत करने पहुंचे धमतरी जिला के मारदोना निवासी 28 वर्षीय परमेश्वर साहू पिता सुरेश साहू हाल नरहरपुर वार्ड क्रमांक 5 गांधी चौक निवासी ने पुलिस को बताया कि राजमिस्त्री का काम करता हूं और 29 अप्रैल की सुबह साढ़े 8 बजे नरहरपुर बाजार के पास खड़ा था। उसी समय वहां पर महेंद्र यादव बोला कि बोर की चाबी कहां है, तब मैं बोला मेरे पास है।

गाड़ी धोने के लिए चाबी नहीं दूंगा क्योंकि आप लोगों के कारण बोर पंप दो बार जल गया, इसके बाद हम सभी लोग अपना साईड पौनी पसारी में काम कर रहे थे, वहां पर आरोपी ईश्वर यादव, महेंद्र यादव, भोला गजबिए, जेयस गजबिए आकर हम दोनों भाई शैलेंद्र साहू एवं मुझे गाली गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए लात, जूता व चप्पल से मेरे साथ व मेरे भाई शैलेंद्र के साथ बहुत ज्यादा मारपीट किए है।

मेरे कान के पास थप्पड़ मारे है, जिसके कारण मेरा कान में सूजन आ गया एवं सुनाई नहीं दे रहा है। बाहर गांव से रोजी रोटी कमाने नरहरपुर में पांच वर्ष से काम कर रहा हूं। साथ में मेरा छोटा भाई शैलेंद्र साहू भी रहता है। आरोपियों द्वारा जान से मारने की धमकी देने से जान को भय बना हुआ है।

प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 34 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## हरा सोना की कमजोर फसल से वनवासियों की बढ़ी चिंता

# आँधी व बारिश से हरे सोने पर आफत के बादल, गुणवत्ता पर पड़ेगा असर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

अप्रैल के महीने में गर्मी का कहर होना था, लेकिन मौसम में उतार चढ़ाव के चलते एक दिन छोड़ दूसरे दिन बारिश हो रही है। बीते तीन सप्ताह से इस प्रकार का मौसम बना हुआ है। ऐसे में जिले में गर्मी के विभिन्न फसल बर्बाद हो गए है वहीं वनवासियों के सबसे बड़े आय हरा सोना कहे जाने वाले तेंदूपत्ता संग्रहण में बारिश, ओलावृष्टि और पर्याप्त धूप नहीं मिलने के कारण तेंदूपत्ता के उत्पादन में खतरा मंडराने लगा है।

पिछले महीने भर से किसी भी वक्त बदली के साथ बारिश, आंधी- तूफान की स्थिति लगातार जिले में निर्मित हो रही है। तेंदूपत्ता के लिए सर्वाधिक जरूरी पर्याप्त सूरज की किरण है, जो पौधों को नहीं मिल पा रही है, जिससे कमजोर पत्ते के पैदावार होने के संकेत दिख रहे है।

वनवासियों ने बताया कि जैसे ही पौधों के शाखा अंकुरित हो रही थी, उसी वक्त बेमौसम बारिश व ओलावृष्टि से शाखाएं मुड़ गए। इस कारण कमजोर पत्ते पौधों में इस समय संग्रहण के लिए तैयार हो रहे हैं। बारिश, ओलावृष्टि और पर्याप्त सूरज के ताप नहीं मिलने के कारण तेंदूपत्ता के उत्पादन में खतरा मंडराने लगा है। हम लोगों को चिंता है कि इस मौसम में तेंदूपत्ता सबसे बड़ा आय का साधन है और मौसम की यही स्थिति रही तो न तो गुणवत्ता पूर्ण तेंदूपत्ता मिलेगा और न ही लक्ष्य को पूरा कर पाएंगे। वनवासियों को यही चिंता सताए जा रही है।



### उत्कृष्ट किस्म के तेंदूपत्ते की पैदावार

*जिले के भानुप्रतापपुर ईलाके में छत्तीसगढ़ का सबसे अच्छी गुणवत्ता का तेंदूपता का संग्रहण किया जाता है, जिसको खरीदने देशभर के कई कोने से व्यापारी अच्छे दाम पर तेंदूपत्ता को खरीदते है। निविदा हो चुकी है, परंतु गुणवत्ता नहीं मिलने से तेंदूपत्ता की खरीदी होती है या नहीं, यह तो आने वाला*


हरिभूमि
पाठक सूचना
कांकेर जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
7000955574, 9098324969

## खबर संक्षेप



### झुमुकलाल को कुनकुरी व देवचंद को प्रतापपुर विधानसभा का मिला प्रभार

**कोण्डागांव।** कोंडागांव जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष झुमुकलाल दीवान को प्रदेश कांग्रेस ने एक बड़ी जिम्मेदारी देते हुए लोकसभा चुनाव 2024 के लिए कुनकुरी विधानसभा क्षेत्र का प्रभारी नियुक्त किया है। साथ ही कोंडागांव जिला पंचायत अध्यक्ष देवचंद मतलाम को प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र की जिम्मेदारी मिली है। इसके पूर्व स्टार प्रचारकों की सूची मे कोंडागांव विधानसभा के पूर्व विधायक एवं पूर्व मंत्री छत्तीसगढ़ शासन मोहन मरकाम का नाम शामिल है। झुमुक लाल एवं देवचंद ने जल्द से जल्द प्रभार क्षेत्र मे जाकर पार्टी को विजयी बनाने तन मन से कार्य करने की बात कही।

### महापौर, विधायक जैजेपुर में चुनाव प्रचार करेंगे



**धमतरी।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देश पर प्रभारी महामंत्री संगठन एवं प्रशासन मलकीत सिंह गैंदू ने लोकसभा चुनाव प्रचार-प्रसार के लिए वरिष्ठ कांग्रेसी को विधानसभावार जवाबदारी दी है। आदेश में कहा है कि संबंधित विधानसभा क्षेत्र में पहुंचकर पार्टी प्रत्याशी स्थानीय संगठन के पदाधिकारियों से संपर्क एवं समन्वय स्थापित कर चुनावी प्रचार-प्रसार को गति प्रदान करें एवं पार्टी की जीत सुनिश्चित करें। आदेश में धमतरी से महापौर विजय देवांगन को जांजगीर चांपा में तथा विधायक ओंकार साहू को जैजेपुर विस में चुनाव प्रचार करने की जिम्मेदारी मिली है।

### बेलौदी स्कूल का परीक्षाफल घोषित

**मगरलोड।** शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल बेलौदी में कक्षा नवमी और ग्यारहवीं का परीक्षाफल घोषित किया गया। शाला के प्राचार्य, वासुदेव ठाकुर, अशोक पटेल ने परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं का मुंह मीठा कराकर उनके उज्वल भविष्य की कामना की। अनुत्तीर्ण छात्र- छात्राओं को पुनः मेहनत करने पर बल दिया। परीक्षा प्रभारी जितेन्द्र साहू ने परीक्षाफल घोषित किया। कक्षा नवमी में प्रथम छवेन्द्र पिता खम्हन 91 प्रतिशत, लीलिमा पिता प्यारेलाल 91 प्रतिशत, द्वितीय छत्रपति 90 प्रतिशत रहे। ग्यारहवीं में प्रथम गायत्री पाल पिता भोलाराम साईंस 90.80 प्रतिशत, द्वितीय गीतांजलि पिता तमेश्वर गणित 88 प्रतिशत, तृतीय योगिता पिता प्यारेलाल कला 86.20 प्रतिशत रहे। वाणिज्य संकाय में चार बच्चे थे जिनका भी परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। चारों बच्चे प्रथम स्थान पर रहे। इस अवसर पर शाला के व्याख्यातागण संतोष पालकगण सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## पेज 9 के शेष

### नंदनमारा पुल पर...

गोपालपुरा निवासी 28 वर्षीय कृष्णा किरार पिता बाबू लाल किरार के खिलाफ धारा 283 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर ट्रक को जप्त किया गया।

### परीक्षा परिणाम के ...

शिक्षकों एवं पालकों को विद्यार्थियों के तनाव को दूर करने के उपायों के बारे में बताया गया। वर्चुअल प्रशिक्षण कार्यक्रम में स्कूल शिक्षा की अपर मुख्य सचिव रेणु पिल्ले, सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी, संचालक एससीईआरटी राजेन्द्र कटारा तथा मनोचिकित्सकों एवं काउंसलर द्वारा मार्गदर्शन दिया गया। जिला शिक्षा अधिकारी अशोक पटेल द्वारा सभी प्राचार्यों को बोर्ड परीक्षा परिणाम आने के पूर्व मई माह के प्रथम सप्ताह में पालक शिक्षक बैठक अनिवार्य रूप से आयोजित करने के लिए निर्देशित किया गया है।

## एक मेडिकल स्टोर का लाइसेंस 7 दिनों के लिए किया गया निलंबित

# मेडिकल स्टोर की दवाओं का सैंपल गुणवत्ता जांच के लिए भेजा गया राज्य प्रयोगशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा दवाइयों की गुणवत्ता जांच एवं क्रय–विक्रय दस्तावेजों के नियमानुसार संधारण के लिए मेडिकल स्टोर में लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार, उपसंचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन डॉ. आरके सिंह के मार्गदर्शन में औषधि विभाग ने केशकाल में संचालित मेडिकल स्टोर्स का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान शेड्यूल एच 1 एवं नार्कोटिक दवाइयों के खरीदी–बिक्री दस्तावेजों की जांच की गई। सभी मेडिकल स्टोर के संचालकों को आवश्यक दस्तावेजों का नियमानुसार संधारण करने के लिए निर्देशित किया गया। जांच के दौरान महाराज मेडिकल स्टोर से दवाइयों की गुणवत्ता जांच के लिए संदेह के आधार पर जियोडॉल पीडीएस नामक दवाई को राज्य औषधि परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भेजा गया। जियोडॉल पी डीएस एक कॉम्बिनेशन दवा है, जो मुख्य रूप से एक दर्द निवारक और बुखार में काम आती है। साथ ही दो दवाइयों जोकोन 50 डीटी एवं इंट्रानेक 200 को ओवरप्राइज के तहत राज्य के प्राइज मॉनिटरिंग रिसोर्स यूनिट में अग्रिम कार्रवाई के लिये भेजा गया है। औषधि निरीक्षक द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिले में संचालित सभी मेडिकल स्टोर्स का नियमित निरीक्षण के दौरान समय–समय पर दवाइयों के गुणवत्ता जांच के लिए औषधि परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भेजा जाता है। औषधि विभाग द्वारा सभी मेडिकल संचालकों को दवाइयों से संबंधित समस्त दस्तावेजों को नियमानुसार संधारित करने एवं मानक दवाइयों की ही बिक्री करने के निर्देश दिए गए है।

■ मानक दवाओं की ही बिक्री करें दवा दुकानदार





### नियमानुसार रजिस्टर का संधारण करें

अन्य जांच में बहीगांव के संतोष मेडिकोज का औषधि लायसेंस निलंबित किया गया है। निरीक्षण के दौरान शेड्यूल एच 1 एवं अन्य दवाइयों की खरीदी–बिक्री दस्तावेजों की जाँच की गई। जांच में औषधि एवं सौंदर्य प्रसाधन सामाग्री अधिनियम 1940 एवं नियमावली 1945 के तहत अनियमितताएँ पायी गई थी। जिसके लिये फर्म के संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए स्पष्टीकरण मांगा गया था। जवाब संतोषप्रद न होने पर औषधि अनुज्ञापन प्राधिकारी ने इस कृत्य को गंभीर लापरवाही मानते हुए फर्म संतोष मेडिकोज का ड्रग लायसेंस 7 दिवस के लिए निलंबित किया है। औषधि विभाग द्वारा सभी मेडिकल संचालकों को दवाइयों के क्रय–विक्रय दस्तावेजों एवं शेड्यूल एच 1 रजिस्टर का नियमानुसार संधारण एवं नार्कोटिक दवाई, एमटीपी किट जैसी दवाइयों को पंजीकृत डॉक्टर के प्रिस्कीप्सन के बिना विक्रय न किए जाने के निर्देश दिए हैं।



## बोलेरो ने बाइक को मारी टक्कर, तीन घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसगांव

क्षेत्र के ग्राम बांगोली के पास 29 अप्रैल को अज्ञात बोलेरो वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी । बोलेरो की टक्कर से बाइक में सवार पति, पत्नी व बच्चा घायल हो गया। विवाहिता की हालत गंभीर बताई जा रही है।

जानकारी अनुसार ग्राम तुर्की घोटुलपारा निवासी रामसिंग नेताम पिता अमलु राम नेताम उम्र 22 वर्ष अपनी पत्नी प्रमिला नेताम उम्र 20 वर्ष और 10 माह के मासूम बच्चे गजानंद नेताम के साथ अपने रिश्तेदार के घर ग्राम सिरसीकलार गए थे। सोमवार को तीनों बाइक में सवार होकर अपने घर तुर्की जा रहे थे। तभी ग्राम बंगोली के पास अज्ञात बोलेरो वाहन ने टक्कर मारी और फरार हो गया। हादसे में तीनों घायल हो गए । जिन्हें उपचार के लिए 108 एम्बुलेंस वाहन की सहायता से तत्काल फरसगांव अस्पताल लाया गया है । दुर्घटना में प्रमिला नेताम के चेहरे में गंभीर चोट आईं हैं। उसके पति रामसिंग के हाथ- पैर और मासूम बच्चे गजानंद के सर में मामूली चोट आई है। । सभी का उपचार चल रहा है । गंभीर रूप से घायल प्रमिला को बेहतर उपचार के लिए रिफर किया गया।

## निजात अभियान से प्रभावित होकर एसपी की बनाई काष्ठ से तस्वीर

■ पुलिस अधीक्षक सिंह कोंडागांव में रह चुके हैं पदस्थ

■ नशे के खिलाफ चलाते हैं अभियान




हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

पूर्व में कोंडागांव में पदस्थ रहे एसपी संतोष सिंह जहां पर पदस्थ होते हैं। वहां नशे के खिलाफ मुहिम छेड़ देते हैं। वर्तमान में श्री सिंह रायपुर में पदस्थ हैं और वहां भी नशामुक्ति और नशा छोड़ने का अभियान चलाया जा रहा है। इससे नशे के शिकंजे से जूझ रहे कई घरों को राहत मिली है। जिनके मुखिया कमाने वाले सदस्य नशा करते थे वो अब निजात से जुड़कर नशे की लत को छोड़ चुके हैं। उनकी इस पहल को सलाम करने कोंडागांव के शिक्षक शिवचरण साहू ने काष्ठ पर उनकी तस्वीर बनाकर रायपुर में भेंट किया है। बता दें कि कोण्डागांव एसपी के कार्यकाल के दौरान श्री सिंह ने निजात अभियान से नशे के संकट से दो चार हो रहे परिवारों को बड़ी राहत दिलायी थी जिसकी चर्चा नगर के लोग आज भी करते रहते है। श्री सिंह को ही बेहतर पुलिसिंग के लिए अमेरिका में भी सम्मानित किया जा चुका है।

## मौरीकला के नवीन का अग्निवीर में चयन



**सिर्री।** ग्राम मौरीकला निवासी नवीन नगारची पिता तोमन नगारची माता उषा बाई नगारची का अग्निवीर के लिए चयन हुआ है। उनकी हाईस्कूल की शिक्षा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कठौली में पूर्ण हुई है। वे स्कूली शिक्षा पूरी करने के बाद देश के प्रति प्रेम और रक्षा का जुनून अपने दिल में रखते हुए और दृढ़ इच्छा शक्ति से ही उन्होंने अग्निवीर बनने में सफलता हासिल की है। उनके चयन पश्चात रविवार को उन्हें विदाई दिया गया जिसमें कि समस्त परिजनों, ग्रामीणों ने अपना आशीर्वाद प्रदान किया। नवीन ने बताया कि उन्हें परिवार का हमेशा से ही सहयोग मिला है और उनके गांव के पीटीआई कृष्णा निषाद, सीआरपीएफ पुष्पसेन निषाद के मार्गदर्शन में और अपने गुरुजनों के आशीर्वाद से यह सफलता मिली है। जिससे पूरे गांव में हर्ष व्याप्त है। नवीन ट्रेनिंग के लिए 28 अप्रैल को जबलपुर के लिए रवाना हुए। जिसमें दीपक नगारची, चोवा नगारची गांव के सरपंच खुशबू चेमन यादव द्वारा प्रतीक चिन्ह और पुष्प गुच्छ भेंट कर हार पहनाकर सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। उन्हे विदाई देने मौके पर दुलेंद्र उपसरपंच, थानेश्वर शिक्षक, सुरेंद्र शिक्षक, खम्हन लाल, हीरालाल, पंकज निषाद, भोज निषाद, पुनेंद्, नागेश, अमित, नरेश, विकास यादव, धरम, शत्रुहन, कोमल, सरोज, खिलावन साहू, परमेश्वर, धमेश, राधेश्याम, सतीश, भीषम, राकेश, लाकेश, भागीरथी सहित अन्य ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त किया है।

## नाबालिग से अनाचार, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

■ थाना क्षेत्र मर्दापाल का मामला, शादी का प्रलोभन देकर कर रहा था शारीरिक शोषण

थाना मर्दापाल क्षेत्र अंतर्गत पोहमार निवासी नाबालिग बच्ची को बहला फुसलाकर भागकर ले जाने व अनाचार करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। नाबालिग ने घरवालों को बताया कि शादी करूंगा कहकर आरोपी ने उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया है। पुलिस के अनुसार नाबालिग के घर ना आने पर परिजन की रिपोर्ट पर 27 अप्रैल को धारा 363 भादवि के तहत अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। दूसरे दिन 28 अप्रैल को सुबह 4 बजे प्रार्थी की बेटी के घर आने पर उनके माता–पिता के पूछने पर उसने बताया कि ग्राम हसलनार के खेमेश्वर बघेल कहता है कि प्रेम करता है और शादी करेगा। नाबालिग ने बताया कि घटना दिनांक को चल तुमको शादी करना है, कहकर अपने साथ में जबरदस्ती अपने घर हसलनार भगाकर ले गया। उसकी मर्जी के खिलाफ शारीरिक संबंध बनाया। आरोपी खगेश्वर बघेल पिछले कई माह से नाबालिग बच्ची का शारीरिक शोषण कर रहा था। विवेचना के दौरान 366,376 (2)(ढ) भादवि व धारा 06 पॉक्सो एक्ट जोड़ी गई। आला अफसरों के निर्देश पर तत्काल आरोपी की पतासाजी की गई। आरोपी खेमेश्वर बघेल पिता सुरभि राम बघेल साकिन हसलनार थाना मर्दापाल कोंडागांव की पतासाजी कर गिरफ्तार किया गया। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। सम्पूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी रविशंकर रुव, सउनि मोहन यादव, प्रधान आरक्षक गौतम नेताम, आरक्षक बाबूलाल पटेल, आरक्षक मुकेश भुआर्य, आरक्षक तोषण कश्यप का योगदान रहा।



## 80 वर्षीय गणेशिया ने डाला वोट



हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

नगर पंचायत मगरलोड भैसमुंडी के महात्मा गांधी वार्ड क्रमांक 06 निवासी 80 वर्षीय गणेशिया बाई साहू लोकतंत्र के महापर्व पर अपना वोट डालकर दूसरों को भी वोट डालने की प्रेरित किया।

## कोलियारी, खंरेगा, दोनर सड़क निर्माण का संघर्ष समिति ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

कोलियरी, खंरेगा, दोनर, जोरातराई मार्ग निर्माण कार्य प्रारंभ किया जा चुका है और वह अब धीरे-धीरे प्रगति की ओर बढ़ रहा है। प्रारंभिक चरण में सड़क के आजू-बाजू की सफाई के साथ ही साथ बरसाती पानी की निकासी हेतु आर सी ह्यूम पाइप लगाने का कार्य तीव्र गति से जारी है। सड़क निर्माण हेतु एक लंबे समय तक संघर्ष करने वाले संघर्ष समिति के सदस्य उक्त कार्य हेतु पूरी तरह से अपना सहयोग संबंधित एजेंसी को दे रहे हैं तथा निरंतर गुणवत्ता के संबंध में समुचित कार्य करने की बात की जा रही है। संघर्ष समिति के मुखिया दयाराम साहू द्वारा कहा गया है कि क्षेत्र की आम जनता की भावनाओं के अनुरूप सड़क का निर्माण गुणवत्ता के साथ पूरे मापदंड में किया जाए। क्योंकि इस कार्य में हजारों लोगों की शारीरिक मानसिक आर्थिक योगदान जुड़ा हुआ है। साथ ही अनेक लोगों की जान भी चली गई है। हम लोग भी आने वाली पीढ़ी को कोई समस्या ना हो इसलिए सड़क निर्माण के संबंध में किसी प्रकार की समझौता बर्दाश्त नहीं करेंगे।

वहीं हिरेंद्र साहू द्वारा कहा गया है कि सड़क निर्माण क्षेत्र के भविष्य को संवारने वाला एक ठोस कदम है इसलिए इस कार्य में लापरवाही न बरतते हुए सुविधाजनक अच्छी सेवा क्षेत्र वासियों को प्राप्त हो जाए इसके लिए सड़क निर्माण संघर्ष समिति हर संभव सहयोग प्रदान करने के लिए तैयार है।



## ब्राम्हण समाज की हुई बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

धमतरी ब्राह्मण समाज, जिला धमतरी की एक आवश्यक बैठक रिसाई माता मंदिर प्रांगण में 28 अप्रैल को दोपहर 11 बजे आयोजित की गयी, जिसमें धमतरी जिले के समस्त पदाधिकारियों के साथ-साथ तहसील, नगर पंचायत के पदाधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जिले के सदस्यता अभियान को दो माह के भीतर जल्द से जल्द पूरा किया जाए।

साथ ही ब्राह्मण समाज धमतरी के जिला कार्यकारणी का चुनाव दिसंबर 2024 के पूर्व करने का निर्णय लिया गया। उक्त दोनों कार्य को संपन्न करने के लिए एक तदर्थ कमेटी का गठन किया गया है जिसमें अध्यक्ष के रूप में राधेश्याम मिश्रा, उपाध्यक्ष हेतु पी.व्ही. पराड़कर, विनोद कुमार पांडेय, कोषाध्यक्ष नरेंद्र श्रोती, महासचिव भूपेंद्र मिश्रा के अलावा समिति में समाज के पांच अन्य सदस्यों को भी शामिल करने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया।

## असफल विद्यार्थी दोगुनी मेहनत से तैयारी करें

# मां दन्तेश्वरी हाईस्कूल में परीक्षा परिणाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

माँ दन्तेश्वरी हाईस्कूल हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम स्कूल रत्नाबांधा, धमतरी में वार्षिक परीक्षा परिणाम शिक्षकों, अभिभावकों व छात्र/छात्राओं की उपस्थिति में घोषित किया गया। जिसमें अंग्रेजी माध्यम में केजी 1 से प्रथम कु. अंकाक्षा साहू 89 प्रतिशत, हिन्दी माध्यम में कक्षा केजी 1 से प्रथम युवराज साहू 78 प्रतिशत, द्वितीय साक्षी मीनपाल 76 प्रतिशत, तृतीय लेखराज महिलांग, केजी 2 से प्रथम कु.प्रिशा मेश्राम 94 प्रतिशत, द्वितीय रियोना निषाद 90 प्रतिशत, तृतीय खुमांशु मरकाम 89 प्रतिशत, पहली से प्रथम कु.झरना देवांगन 88 प्रतिशत, द्वितीय यादिती साहू 85 प्रतिशत, तृतीय अमृता बंजारे 83 प्रतिशत, दूसरी से प्रथम कु.करूणा देवांगन, द्वितीय सेजल देवांगन 87 प्रतिशत, तृतीय चन्द्रप्रकाश सतनामी 80 प्रतिशत, तीसरी से प्रथम साकेत देवांगन 92 प्रतिशत, द्वितीय कु. तेजेश्वनी नाग 89 प्रतिशत, तृतीय कपिल देवांगन 84 प्रतिशत, चौथी से प्रथम कु. कुमकुम ध्रुव 91.5 प्रतिशत, द्वितीय हर्ष कुमार सेन 91 प्रतिशत, तृतीय देवेश साहू 90 प्रतिशत, पाँचवीं से प्रथम कु. पीहू देवांगन 97 प्रतिशत, द्वितीय वोनिश सेन 96 प्रतिशत, तृतीय प्रवीण ध्रुव 86 प्रतिशत, छठवीं से प्रथम कु. धनिष्ठा मीनपाल 96 प्रतिशत, द्वितीय कावेरी हल्बा, तृतीय केतन तिवारी 88 प्रतिशत, सातवीं से प्रथम यशस्वी साहू 94 प्रतिशत, द्वितीय साक्षी साहू 92 प्रतिशत, तृतीय साक्षी देवांगन 85 प्रतिशत, आठवीं से प्रथम कु. जागृति देवांगन 95 प्रतिशत, द्वितीय दिप्ती देवांगन 93 प्रतिशत, तृतीय रोहिणी वर्मा 91 प्रतिशत, नवमीं से प्रथम कु. गायत्री गुप्ता 94.33 प्रतिशत, द्वितीय चाँदनी मिक्षा 92.16 प्रतिशत, तृतीय आरती साहू 85.5 प्रतिशत अंको के साथ परीक्षा पास की।

इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती लक्ष्मी रावटे ने कहा कि यह परीक्षा जीवन की परीक्षा नही है केवल एक वर्ष की परीक्षा मात्र है। अतः ऐसे विद्यार्थी जो किसी कारणवश सफल नही हुए है वे बिल्कुल निराश न हो। वे ये खोजे कि उन्होने मेहनत करने में कहां चूक की। ऐसे विद्यार्थी आगे परिश्रम करे तो निश्चित रूप से सफलता मिलेगी। साथ ही सभी सफल छात्र/छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी एवं उनके उज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय स्टॉफ से लीला साहू, भारती शांडिल्य, शिवांगी शर्मा, पिंकी साहू, मोहन साहू, लिखनदास, नुरेन्द्र साहू, शिफाली सिंह, मोनिका ध्रुव, रोशनी देवदास, वीणा साहू, भूखिन ध्रुव सहित अभिभावक एवं बच्चो की उपस्थिति रही।



## प्राथमिक शाला खैरगुड़ा में विदाई समारोह का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर ब्लाक के ग्राम पंचायत मधोता-2 प्राथमिक शाला खैरगुड़ा में पांचवीं कक्षा के विद्यार्थियों को आज शाला परिवार की ओर से विदाई दी गई। जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं होनहार बच्चों व स्कूल के विकास कार्य में सहयोग करने वाले पालकगण व युवाओं को प्रधान अध्यापक छन्नू राम मंडावी की ओर से सम्मान में प्रशस्ति प्रमाण पत्र दिया गया। संजय ठाकुर, नरेश ठाकुर, जगरू कश्यप, केशव ठाकुर, बबलू ठाकुर, थबीर ठाकुर, पुनु ठाकुर के सहयोग से न्योता भोज का आयोजित किया गया। जिसमें शिक्षक रामनिवास देहारी, विरेन्द्र देवांगन, शिक्षिका इंदुमती, गिरी राम, नवरतन, उदय, हलधर, डोमेश, जयंती, कुसुमलता, माधुरी, सतबती, गोमती, उर्मिला, दिनेश ठाकुर, मनोज कुमार ठाकुर, मोहित, सुमित उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### हज यात्रा पर जाने वालों को बताई गई जरूरी बातें



**जगदलपुर।** इस वर्ष बस्तर एवं कोंडागांव जिले से हज्जे बैतुल्लाह के लिये लगभग 30 पुरूष एवं उनके परिवार के सदस्य जा रहे हैं। पुरूष हाजियों को हज और उमरह करने का सही तरीका सीखाने के लिये हाजी अब्दुल रउफ मेमन, डिृरिक्ट निगरान (मजलिस हज व उमरह) की सदारत में ट्रेनिंग प्रोग्राम अंजुमन जमात खाना में आयोजित किया गया। इस अवसर पर सभी हाजियों का पुष्पमाला से जमीरूद्दीन अंसारी अत्तारी, मुबल्लिगे दआवते इसलामी, अशरफ अत्तारी, जोईट सेक्रेटरी अंजुमन इसलामिया कमेटी, फैजान अत्तारी और मुहम्मद सिद्धीक अत्तारी मुबल्लिगे दआवते इसलामी ने इस्तिकबाल किया और सभी हाजियों के लिये दोपहर में भोजन की व्यवस्था की गई।

### बाल विवाह जागरूकता कार्यक्रम का दिखा सकारात्मक परिणाम

बीजापुर। कलेक्टर अनुराग पाण्डेय के निर्देशन पर जिले में बाल विवाह रोकथाम हेतु व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा किया जा रहा है। इस दौरान जिले महिला एवं बाल विकास विभाग ने नागरिकों से अपील की गई है कि जिले में बाल विवाह कराए जाने की जानकारी प्राप्त होने पर तत्काल उसकी सूचना जिला बाल संरक्षण इकाई, परियोजना अधिकारी, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 महिला एवं बाल विकास विभाग तथा थाना चौकी प्रभारी, आपातकालीन नम्बर 112 पर सूचना देकर बाल विवाह की रोकथाम में अपना सहयोग प्रदान करें। जिले में कुटरू क्षेत्र से एक किशोरी बालिका को मॉ-बाप के द्वारा जबरदस्ती शादी कराये जाने की सूचना विभाग को दी गई इस पर विभाग द्वारा त्वरित कार्यवाही कर सखी वन स्टॉप सेंटर पर बालिका को आश्रय देखकर बालक कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

# उचित मूल्य की दुकानों में खाद्यान्न भंडारण का सत्यापन करवाना करें सुनिश्चित : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



कलेक्टर विजय दयाराम के ने कहा कि जिले में संचालित शासकीय उचित मूल्य की दूकानों में खाद्यान भंडारण का खाद्य विभाग शत-प्रतिशत सत्यापन करवाना सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने पीडीएस दुकानों का प्रतिमाह निरीक्षण कर भंडारण रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है।

उन्होंने कहा कि पीडीएस दूकानों का सत्यापन हेतु आवश्यक मानव संसाधन खाद्य विभाग के सहयोगी अन्य विभागों से पूरा कर निरीक्षण कार्य को पूर्ण करें। उक्त निर्देश सोमवार को कलेक्टर ने जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में आयोजित खाद्य, मार्फेड, नान और सहकारिता विभाग के कार्यों के समीक्षा बैठक में दिए। समीक्षा बैठक में खाद्य विभाग से 485 पीडीएस दुकानों मे खाद्यान्न भण्डारण का सत्यापन करवाने, ई-केवाएसी करवाने की प्रगति, कार्डों को आधार से सीडिंग करवाने की प्रगति, कार्ड का नवीनीकरण और निरस्तीकरण की स्थिति, मोबाइल नंबर सीडिंग, उचित मूल्य की दूकान में सामग्रियों का भौतिक सत्यापन, ऑफ लाइन खाद्य वितरण की स्थिति की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने पीडीएस दुकानों में मिली अनियमितता के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश देते हुए दुकानों का संचालन में प्राथमिकता महिला-समूहों को देने कहा। उन्होंने ई-केवाएसी कार्य को प्राथमिकता से के अपडेट करवाने तथा जिन एकल खातों का एक भी बार केवाएसी नहीं हुआ उसे विशेष रूप से देखने के निर्देश दिए साथ ही ई-केवाईसी कार्य को 31 मई तक शत-प्रतिशत करवाने कहा। इस हेतु पंचायतों का डाटा लेकर कमियों को दूर करने के प्रयास किये जाए। कलेक्टर ने अंत्योदय कार्ड-प्राथमिकता कार्डों का नवीनीकरण की प्रगति और निरस्तीकरण की स्थिति व कारण का संज्ञान लिया। सातो ब्लॉको से निरस्तीकरण के प्रस्ताव पर आवश्यक कार्यवाही करने के लिए खाद्य नियंत्रक को निर्देशित किया। साथ ही पीडीएस की दुकानों में चना, गुड़, शक्कर, नमक की आपूर्ति की स्थिति की भी समीक्षा की ।

कलेक्टर विजय ने धान उपार्जन केन्द्र से धान उठाव की स्थिति की समीक्षा करते हुए इस कार्य पर विशेष फोकस देकर उठाव करवाने कहा। साथ ही चावल जमा करवाने की स्थिति का भी संज्ञान लिए। उन्होंने खरीफ विपणन वर्ष 2023-2024 में उपार्जित धान की खरीदी और आगामी खरीफ वर्ष के लिए पंजीकृत किसानों का विवरण देने के निर्देश दिए। बैठक में वेयर हाउसिंग में चावल की स्थिति नान व एफसीआई के भण्डारण की समीक्षा किए। गोदामों में भंडारण की क्षमताओं के संबंध मे चर्चा भी की। सहकारिता विभाग से ऋण वितरण, सहकारी समितियों का पंजीयन और समितियों के पंजीयन निरस्तीकरण के कार्य, समितियों का आडिट करवाने जैसे कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर संबंधित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे।

# शहर में पहली बार सिंधी प्रीमियर लीग क्रिकेट स्पर्धा




हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

सिंधी पंचायत के अध्यक्ष मनीष मूलचंदानी ने बताया कि शहर में सिंधी प्रीमियर लीग क्रिकेट का आयोजन पहली बार सिंधी नवयुवक मंडल द्वारा करवाया जा रहा है। सिंधी समाज सदस्यों ने जोश के साथ प्रीमियर लीग क्रिकेट मैच के लिए अपना नामांकन करवाए।

इस तरह 10 क्रिकेट टीम तैयार की गई, इन सभी सिंधी क्रिकेट टीम के नाम ईष्ठ देव एवं पूज्य सन्तों के नाम से बनाए है। सिंधी नवयुवक मंडल अध्यक्ष शिवम बसन्तवानी ने बताया कि क्रिकेट मैच फ्लड नाईड हाथा मैदान में 11 मई से खेला जाएगा। टूर्नामेंट में 10 टीमों में 14-14 खिलाड़ी होंगे। सभी खिलाड़ी जर्सी में मैदान पर उतरेंगे, पहली बार सिंधी समाज में करवाए जा रहे क्रिकेट मैच के लिए 16 से लेकर 60 वर्ष तक के खिलाड़ी प्रतिभागियों को लिया गया है। इस आयोजन में विशाल दुल्हानी, यश मेठानी, मयंक नत्थानी, गौरव लालवानी, करन बजाज, गोपाल तीर्थानी की मुख्य भूमिका रहेगी। इस दौरान गौरव लालवानी, सुनील दण्डवानी, हरेश नागवानी, सुरेश मेठानी, किशोर मनवानी, बसन्त मेघानी, राजेश दुल्हानी, डुला लछानी, संतोष बसरानी उपस्थिति थे।

# 9वीं का परिणाम 85 और 11वीं का रहा 100 प्रतिशत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आसना के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। कक्षा नवमीं में मेहुल पाण्डे 86 प्रतिशत, शिबोराम 73 प्रतिशत, शैलेन्द्री तथा यशोदा 66 प्रतिशत, सुखन्ति 74 प्रतिशत, हेमो बघेल 72 प्रतिशत के साथ प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर रहे। उसी प्रकार ग्यारहवीं में कला संकाय में पूनम कश्यप प्रथम, सुनैना द्वितीय, सागर तृतीय, वाणिज्य संकाय में तनुश्री बघेल प्रथम, रेखा सूर्या द्वितीय, विकास नाग तृतीय, विज्ञान समूह में शीतल पाण्डे प्रथम, बैदूराम द्वितीय, संजना तृतीय स्थान प्राप्त किए। कृषि संकाय में राधे मोहन बघेल प्रथम, गुलशन नाथ द्वितीय, कुशल कश्यप तृतीय स्थान पर रहे। ओवरऑल कक्षा नवमीं का परीक्षा परिणाम 85 प्रतिशत और ग्यारहवीं का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। सरपंच प्रवीर देहारी की अध्यक्षता में परीक्षा परिणाम जारी किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य रमेश उपाध्याय ने सफलता प्राप्त बच्चों को बधाई दी तथा जिन्होने सफलता प्राप्त नहीं की है उन्हें निराश न होकर पुनः प्रयास करने का मार्गदार्शन दिया। इस दौरान शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं पालकगण उपस्थित रहे।

# शासकीय कन्या शिक्षा परिसर परचनपाल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोंड



विकासखण्ड बस्तर के शासकीय कन्या शिक्षा परिसर परचनपाल में 27 अप्रैल 2024 को कक्षा छठवीं से 11वीं तक के स्थानीय वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कक्षा छठवीं से आठवीं तक का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। जिसमें कक्षा छठवीं में यादिति हिरवानी 93 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान पर रही। द्वितीय स्थान पर योगिता सोरी 89 प्रतिशत, तृतीय सरिता मरकाम 88.6 प्रतिशत ।

कक्षा 7 वी में छनिया रावटे 89.5 प्रतिशत प्रथम, तिलोत्तमा मांझी 88 प्रतिशत द्वितीय, ममता कश्यप 86.1 प्रतिशत अंक लाकर तृतीय स्थान पर रही। 8वीं में यामिनी सेठिया 92.9 प्रतिशत प्रथम, सुरेखा मांझी 91.6 प्रतिशत द्वितीय एवं नीलो 85.8 प्रतिशत अंक लाकर स्थान बनाया। कक्षा 9वीं का परीक्षा परिणाम 83 प्रतिशत रहा। जिसमें करिश्मा मरापी 81.83 प्रतिशत लाकर प्रथम, रेशमा मरकाम 79.16 प्रतिशत द्वितीय एवं सुहानी मारकंडे 78.80 प्रतिशत तृतीय स्थान पर जगह बना पाए।

कक्षा 11वीं का परीक्षा परिणाम विज्ञान संकाय 90 प्रतिशत, गणित संकाय 100 प्रतिशत, कृषि संकाय 80 प्रतिशत रहा। विज्ञान संकाय में करुणा बघेल 71.60 प्रतिशत लाकर प्रथम, हर्षा पाण्डे 68.20 प्रतिशत द्वितीय एवं अनिता सूर्यवंशी 63.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर जगह बना पायी।

गणित संकाय में रिया नेताम 63.80 प्रतिशत प्रथम, प्रियंका भारती 60.40 प्रतिशत द्वितीय, तनेश्वरी कश्यप 59 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रही। कृषि संकाय में गुड़िया कश्यप 81.40 प्रतिशत प्रथम, दिशा नाग 71.80 प्रतिशत द्वितीय एवं संतोषी मंडावी 70.80 प्रतिशत अंक लाकर तृतीय स्थान पर रही।

प्राचार्य एआर नोन्हारे एवं समस्त शिक्षक स्टाफ द्वारा छात्राओं को बधाई दिया गया। प्राचार्य नोन्हारे द्वारा कहा कि लगन से किये गए परिश्रम का परिणाम हमेशा ही उत्कृष्ट रहता है। छात्राओं ने परीक्षा में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। जो पूरक है वह निराश ना हो, ग्रीष्मकालीन अवकाश में लगन से मेहनत कर अच्छा अंक लाते हुए सफल हो सकते हैं। प्राचार्य नोन्हारे द्वारा समस्त छात्राओं की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई प्रेषित किया गया।

# 9वीं और 11वीं की परीक्षा में 70 प्रतिशत से अधिक अंक बच्चों ने पाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रेलवे कॉलोनी में 9वीं एवं 11 वीं परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। कक्षा 9वीं में कपिल वास्केल 89.33 प्रतिशत के साथ प्रथम, केतन देहुरी 84.33 प्रतिशत द्वितीय एवं सुष्मिता 84.33 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 11वीं में कला में रोशनी 93.4 प्रतिशत, रेणुका तांडी 89.8 प्रतिशत, विज्ञान में नूतन यादव 84.4 प्रतिशत, सुनैना 73 प्रतिशत, कृषि में उमेश्वरी 68.6 प्रतिशत तथा वाणिज्य में सुखलाल 70 प्रतिशत। इसके साथ ही समर कैम्प में अच्छा प्रदर्शन के लिए बच्चों को एवं व्यवसायिक शिक्षा ऑटोमोबाइल एवं रिटेल के अंतर्गत विद्यार्थियों की 10 दिवसीय इंटरशिप का प्रमाण पत्र वितरण किया गया। साथ ही विद्यालय की ओर से परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्राचार्य श्रीलाल वर्मा ने मोमेंटो, मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया। इस अवसर पर विद्यालय की ओर से जिला स्तरीय प्रेरणा उत्सव में बेहतर प्रदर्शन के लिए सुनैना कक्षा 11वीं, बी. जोयल कक्षा 10वीं एवं हीर लहरे कक्षा 10वीं को विशेष प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किया गया।

# शिशु मंदिर में आचार्य चयन परीक्षा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम



सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय गीदम में शिक्षण सत्र 2024 -25 हेतु नवीन आचार्य चयन परीक्षा 2024 का आयोजन सोमवार को किया गया। लिखित परीक्षा प्रातः 10:30 से 12 बजे तक आयोजित हुई। उसके पश्चात साक्षात्कार 3 बजे से 5 तक हुआ। लिखित और साक्षात्कार परीक्षा में उत्तीर्ण होने के पश्चात सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ रायपुर की योजना अनुसार सात दिवसीय संकल्पना वर्ग करना होगा। इस आचार्य चयन परीक्षा में कुल 22 लोग उपस्थित रहे। विद्यालय के प्राचार्य विजय कुमार दुबे ने बताया कि नए शिक्षा सत्र हेतु प्रवेश प्रारंभ हो चुका है। कुशल शिक्षण व्यवस्था हेतु आचार्य का चयन लिखित, साक्षात्कार एवं प्रशिक्षण करवा कर लिया जाता है जिससे भैया बहनों को सही दिशा मिल सके व कुशल शिक्षकों द्वारा अध्यापन कराया जाए। आचार्य चयन परीक्षा में साक्षात्कार हेतु पॉलिटेक्निक कॉलेज जावंगा से राघवेंद्र दीवान, राजकुमार देशमुख, हाई स्कूल गीदम के व्याख्याता उमेश साहू, जिला प्रचारक दंतेवाड़ा भागीरथी यादव, शिक्षक अरविंद मडावी उपस्थित रहे। साक्षात्कार के लिए उपस्थित अतिथियों का श्रीफल, पुष्पगुच्छ व तिलक वंदन से स्वागत किया गया।

# चार दिन बाद हुआ ईश्वर का अंतिम संस्कार

## हाईकोर्ट के दखल के बाद हुआ कफन दफन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर




परपा थाना क्षेत्र के ग्राम छिंदबहार में 4 दिनों से चल रहे ईश्वर के शव के कफन दफन का विवाद रविवार को थम गया। जहां गांव वालों के विरोध के बाद बेटे ने अपने जमीन पर पिता के शव को दफनाने को लेकर हाईकोर्ट में याचिका लगाई, जहां कोर्ट ने बेटे की याचिका को सही मानते हुए प्रशासन को आदेश दिया कि ईश्वर के शव को उसकी ही जमीन में मिट्टी देने की अनुमति दिया गया। जिसके बाद रविवार को परिजन मेकाज पहुंच शव को गांव ले गए, जहां ईसाई मान्यता के अनुसार पार्थिव शरीर का कफन दफन किया जाएगा।

बता दें कि छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने छुट्टी के दिन बेटे की याचिका पर तत्काल सुनवाई करते हुए उसके मृत पिता के शव को धार्मिक मान्यता के अनुसार दफनाने की अनुमति देने के साथ ही एसपी बस्तर को इसके लिए सुरक्षा देने के निर्देश दिए हैं, जिससे हिंदू गांव में अंतिम संस्कार के दौरान कोई अप्रिय घटना घटित ना हो सके।

सार्तिक कोर्राम के पिता ईश्वर कोर्राम को सांस लेने में तकलीफ के चलते 25 अप्रैल को डिमरापाल अस्पताल में भर्ती कराया गया था, इलाज के दौरान ईश्वर की मौत हो गई, परिजन जब शव को गांव ले जाकर अंतिम संस्कार करने की बात कही गई तो गांव वालों ने विरोध शुरू कर दिया, जिसके बाद शव को दुबारा मेकाज के पीएम घर में रखवा दिया गया, मृतक ईश्वर के शव को गांव में दफनाने से मना कर दिया गया, जिसके बाद काफी विरोध शुरू हुआ।

इस बीच बेटा सार्तिक कोर्राम ने हाईकोर्ट में अर्जेंट हियरिंग का अनुरोध किया, जस्टिस राकेश मोहन पांडेय की बेंच ने सुनवाई की, याचिकाकर्ता के वकील प्रवीन तुलस्यान ने कहा कि अपने पिता के शव को दफनाना भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत याचिकाकर्ता का मौलिक अधिकार है। याचिकाकर्ता और उनका परिवार ईसाई धर्म को मानता है, पिता के शव को ग्राम छिंदबहार में गाँव वाले दफनाने से रोक रहे है, जबकि परिवार गांव में अपनी जमीन पर ही शव को दफनाना चाहते हैं।

जस्टिस राकेश मोहन पांडेय ने मेडिकल कॉलेज जगदलपुर को मृतक ईश्वर कोर्राम का शव याचिकाकर्ता को सौंपने का निर्देश दिया। याचिकाकर्ता को किसी भी कानून से बचने के लिए अपने पिता के शव को ग्राम छिंदबहार में अपनी जमीन पर दफनाने की अनुमति दी गई है, पुलिस अधीक्षक बस्तर को यह भी निर्देशित किया गया है कि याचिकाकर्ता को उचित पुलिस सुरक्षा प्रदान की जाए, ताकि वे शव को शालीनता से दफना सकें।याचिकाकर्ता को 28 अप्रैल को अपने पिता का शव दफनाने की अनुमति दी गई है।

### कोर्ट के आदेश का पालन

हाईकोर्ट ने मृतक के शव को उनके निजी जमीन में दफनाने का आदेश दिया था जिसका पालन आज किया गया। करीब 200 की संख्या में पुलिस बल की तैनाती रही। जमीन का पट्टा देखा गया और गांव वालों को कोर्ट के आदेश का हवाला दिया गया इसलिए किसी तरह का कोई विवाद या विरोध की स्थिति निर्मित नहीं हुई।

-दिलबाग सिंह,
टीआई थाना परपा

# ओपी चौधरी के खिलाफ अनर्गल टिप्पणी से नाराज भाजपाइयों ने थाने में सौंपा आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम



वित्त मंत्री ओपी चौधरी के खिलाफ अनर्गल टिप्पणी को लेकर भाजपाईयों में नाराजगी है। जिसको लेकर भाजपा नेता व कार्यकर्ताओं द्वारा गीदम थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई। दरअसल मामला यह है कि केशव सोनू पटेल नाम की आईडी से सोशल मीडिया में मंत्री चौधरी के खिलाफ अनर्गल बातें लिखी गई। इस बात की जानकारी लगते ही भाजपाइयों ने इस आईडी के संचालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई को लेकर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। गीदम थाने में एफआईआर दर्ज करने के दौरान भाजपा युवा मोर्चा पूर्व जिला अध्यक्ष दीपक बाजपेई, भाजपा मंडल युवामोर्चा अध्यक्ष अजय अवस्थी, पार्षद श्रीकांत राव, अवधेश गुप्ता, सुजीत सिंह, राजेश सुराना व अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। भाजपाइयों का कहना है कि छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी के खिलाफ अपमानजनक बातें हम बर्दाश्त नहीं करेंगे। चौधरी ने कलेक्टर रहते हुए दंतेवाड़ा क्षेत्र के विकास के लिए अहम योगदान दिया और वित्र मंत्री चौधरी युवाओं के चहेते भी है। हम अपमानजनक टिप्पणी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते हैं।

**सक्षम श्रीमान नोटरी महोदय कांकेर जिला उत्तर बस्तर कांकेर छ.ग.**

**शपथकर्ती** – अंजनी भुवार्य पति रोहित कुमार भुवार्य जाति हल्बा आयु 31वर्ष निवासी मरकाटोला तहसील कांकेर जिला कांकेर छ.ग.

**// शपथ पत्र //**

मै उपरोक्त शपथकर्ता सत्य निष्ठा से शपथ पूर्वक निम्न कथन करती हूँ कि :-

1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तनुसार है।
2. यह कि मैने विवाह के पूर्व नाम अंजनी चुरेन्द्र पिता फगनू राम नाम से BHARAT INSTITUTE OF NURSING DALLIRAJHARA में जी.एन.एम अंतिम की परीक्षा वर्ष 2018 में उत्तीर्ण की हूँ।
3. यह कि उक्त जी.एन.एम अंतिम कक्षा की अंक सूची की मूल प्रति गुम हो गई है, इसलिये उसकी द्वितीय प्रति प्राप्त करना चाहती हूँ। एंव रिपोर्ट की छाया प्रति संलग्न है।
4. यह कि उक्ताशय का शपथ पत्र प्रस्तुत कर रही हूँ।

**शपथकर्ती**
**अंजनी भुवार्य**

Health Town
डॉ. टाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD|मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक|
इनफर्टिलिटी | बच्चने दानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1,गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर
Online परामर्श उपलब्ध | दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
Maa Ad.

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप



### आम एवं चीकू की नीलामी की गई

**दुर्गुकोंदल।** सहायक संचालक उद्यानकी विभाग कांकेर के निर्देश पर उद्यानिकी भंडारडिग्गी में फलबाहर नीलामी का आयोजन किया गया था। आम फल की बोली 25 हजार रूपएं से शुरू हुई जो की 28 हजार 200 तक गई। वही चीकू की बोली 20 हजार रूपएं शुरू किया गया था जो की अंतिम बोली 22 हजार 500 रूपएं में निर्धारित की गई। नीलामी प्रक्रिया के दौरान प्रभारी अधिकारी एमएस ठाकुर, उद्यान अधीक्षक धीरज उईके, धनेश नरेटी, ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी बिंदा पोटाई, संदीप शोरी, नरेंद्र साहू, बोपन बोस, केशव, हरिश्चन्द्र सिन्हा उपस्थित रहें।

### घर घर गारंटी अभियान में युकां के राजेंद्र प्रथम



**दुधावा।** भारतीय युवा कांग्रेस द्वारा लोकसभा चुनाव के दौरान चलाए गए अभियान घर घर गारंटी कार्ड में छत्तीसगढ़ में प्रथम और देश में सांतवा स्थान युवा कांग्रेस महासचिव राजेंद्र दुबे को मिला है। उन्होने बताया कि इस अभियान को विकासखंड नरहरपुर में जोरदार अभियान चलाया था, उसका का प्रतिफल मिला है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने उनके काम की सराहना किया है।

### सशिमं के परीक्षा परिणाम आज

**भानुप्रतापपुर।** श्री सरस्वती शिक्षा समिति भानुप्रतापपुर द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर उच्तर माध्यमिक विद्यालय भानुप्रतापपुर में शिक्षा सत्र 2023 - 24 का वार्षिक परीक्षा परिणाम कक्षा अरुण से नवम एवं एकादश का मुख्य अतिथियों एवं समिति के पदाधिकारियों की उपस्थिति में सुबह 09 बजे घोषित की जाएगी। प्राचार्य श्री थानुराम सिन्हा ने बताया कि कक्षा में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान बनाने वाले भैया बहिनों को अतिथियों के द्वारा सम्मानित किया जाएगा। इसमें सभी अभिभावक बंधु भगिनी एवं भैया बहिनों को परीक्षा परिणाम लेने विद्यालय में उपस्थिति होने का आग्रह किया गया है। परीक्षा परिणाम घोषित होने के साथ ही शिक्षा सत्र 2024- 25 के लिए कक्षा अरुण से द्वादश तक की प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो जाएगी।

### नामकरण के लिए सुझाव 6 मई तक

**बीजापुर।** जिला कार्यालय में स्थित सभाकक्ष क्रमांक 1 एवं 2 प्रतिक्षा कक्ष तथा विडियो कांफ्रेस कक्ष क्रमांक 1 एवं 2 का नामकरण करना प्रस्तावित है जिसके लिए जिले के आम नागरिकों सहित अधिकारी-कर्मचारियों से नामकरण हेतु सुझाव 6 मई तक आमंत्रित किया गया है। नामकरण के सुझाव जिले के भौगोलिक संरचना, प्रेरणादायक शब्द हो सकता है। प्रस्तावित नाम को समिति के समक्ष रखा जाएगा जिस नाम का चयन होगा उसे भेजने वाले आम नागरिक अथवा अधिकारी-कर्मचारी को सम्मानित किया जाएगा।

# जेपरा विद्यालय का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित,कक्षा में शिवानी प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

## 12 बच्चों को प्रमाण पत्र दिया गया



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जेपरा का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। वार्षिक परीक्षा परिणाम में कक्षा 9वी से 47 छात्र-छात्राएं ने परीक्षा दिया, जिसमें 39 बच्चे पास हुए एवं पूरक 6 तथा 2 बच्चे अनुत्तीर्ण हुए। कक्षा में प्रथम स्थान शिवानी 82 प्रतिशत, द्वितीय स्थान प्रशांत साहू 76 प्रतिशत एवं तृतीय स्थान खिलेश्वरी कवाची 69 प्रतिशत रहा। इसी तारतम्य में आईटी संकाय से सेक्टर स्किल कौंसिल एसएससी सर्टिफिकेट 12 बच्चों को प्रदाय किया गया।

माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 8वीं में दर्ज 22 जिसमें 2 ए प्लस, 2 ए, 7बी प्लस 10, बी 3, कक्षा सातवी में दर्ज 26 में ए 12, बी प्लस 7, बी 7 तथा 6वीं में दर्ज 37 में 4 ए, बी प्लस 5, बी 16 और सी प्लस 12 से छात्र /छात्राएं उत्तीर्ण हुए। माध्यमिक विद्यालय का परीक्षा परिणाम की घोषणा दिलीप साहू तथा हायर सेकेण्डरी परीक्षा परिणाम की घोषणा स्वदेश शुक्ला के द्वारा किया गया। भूतपूर्व जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष लीलू दास दुबे ने बच्चो को बहुत अच्छे से पढ़ कर आगे भविष्य बनाने के लिए प्रेरित किया। संस्था प्रमुख शेख सज्जाद खान ने जो बच्चे 9वीं और 11वीं से उत्तीर्ण हुए उन बच्चो को आगे बोर्ड में टॉप टेन आने के लिए प्रेरित किया साथ में गर्मी के छुट्टी में आगे के पढ़ाई करने को कहा। परीक्षा परिणाम घोषणा में स्वदेश शुक्ला, टीडी टांडीया, बलराम जुर्री, शशि तारक, रितु ओट्टी, रेणुका साहू, रामेश्वर टांडीया, दिनेश नेताम, भोज राम नेताम, दिलीप ठाकुर, रमेश भास्कर, नीरज वट्टी, बलराम टंडन, राकेश डडसेना के साथ पालक लीलू दास दुबे, छत्र पाल ध्रुव, सोहद गंगासागर, प्रकाश सिन्हा, भुवन पटेल के साथ छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

**परंपरा :** प्रेम प्रसंग के साथ विवाह की परंपरा आज भी

# ग्राम खोरा में पारंपरिक रस्मों के साथ विधान से देवाताओं की शादी रचाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



मानव जीवन में समान्यताः पारंपरिक रीति रिवाज के साथ रिश्ते बनाकर शादियां होती है और प्रेम प्रसंग से जुड़कर भी शादियां होती है। बस्तर अंचल में बसने वाले आदिवासियों के देवी देवताओं में भी प्रेम करने और प्रेम प्रसंग के साथ साथ प्रेम विवाह करने की परंपरा सदियों से चलती आ रही है। ऐसे ही देवी देवताओं के विवाह के पूर्व भी रश्म पूरी की जाती है।

विकासखंड दुर्गुकोंदल के ग्राम खोरा में 27 अप्रैल को परमाह मुदिया की पत्नी दाकिड़ सेड़ो की स्थल में प्रेम विवाह यानि पैठू विवाह के पूर्व की रश्म हुई, जिसमें सबसे पहले परमाह मुदिया देव और पत्नी दाकिड़ सेड़ो की दोनों पुत्रियों की बारी-बारी से नामकरण हुआ। देव गायता पुलिसिंग गावड़े ने दोनों पुत्रियों की नाम सुनाया। एक पुत्री की नाम फुलकुंवरी और दूसरी पुत्री की नाम जलकुंवरी बताया। नामकरण के अवसर तिल-गुड़ उपस्थित भूमकाल की खिलाई गई। फुलकुंवरी खंडा डोकरा की पत्नी होगी और जलकुंवरी जनकुंवर देव की पत्नी होगी। नामकरण के बाद आदिवासी परंपरा अनुसार सत्ता पटाने की रश्म हुई, जिसमें बाप, मां, डेढ़साला, डेढ़सास, दादी, नानी, बुआ, मामा, को कपड़ा और निर्धारित राशि भेंट कर सत्ता की रश्म पूरी हुई। सत्ता पटाने कपड़े और राशि की व्यवस्था देवी-देवता नहीं करते हैं। इनकी व्यवस्था इन्हें देव मानने वाले वंशज करते हैं। इस तरह खंडा डोकरा की ओर से मंडावी परिवार और जनकुंवर देव की ओर से दर्रो परिवार ने सत्ता के लिए कपड़े और नगद राशि की व्यवस्था किया । और आदिवासी समाज की परंपरा अनुसार सत्ता नियम को पूरा किया।

इस अवसर पर फुलसिंग गावड़े, रामजी गावड़े, कंवल गावड़े, कपिल गावड़े, संतू गावड़े, सदन पुड़ो, सुकदेव कुमोटी, लक्ष्मण कुमोटी, आनंद माहवे, धरम कोरचे, रैनूराम नाग, रामसिंह नाग, सत्यनारायण मंडावी, संजीव मंडावी, महेश मंडावी, अनुप मंडावी, मेहरसिंह कोमरा, अंजोरी देहारी, भगवानी, हेमनारायण, गिरधारी, संजय नेताम, धनाराम, आयनू ध्रुव, मंगलू ध्रुव, सहित बड़ी संख्या में परमाह मुदिया देव, दाकिड़ सेड़ो, खंडाडोकरा देव, जनकुंवर देव के वंशज और भुमकाल उपस्थित रहें।

# कांग्रेस गारंटी योजना के प्रचार में युकां के तुषार टापटेन में शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर



इंडिया टॉप 10 लिस्ट में- तुषार ठाकुर

लोक सभा चुनाव 2024 में भारतीय युवा कांग्रेस द्वारा पूरे देश में युवा कांग्रेस पदाधिकारियों को कांग्रेस पार्टी द्वारा घोषणा की गई पांच न्याय गारंटी योजना को भारत देश के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का डोर टू डोर कार्य दिया गया था, जिसमें भारतीय युवा कांग्रेस द्वारा इस महाअभियान में सबसे अधिक मेहनत करने वाले टॉप 10 युवाओं को देश से चुना है, जिसमे छत्तीसगढ़ प्रदेश युवा कांग्रेस के सचिव बस्तर के आदिवासी नेता तुषार ठाकुर अपनी मेहनत से देश में टॉप 10 में अपना स्थान बना भानुप्रतापपुर ही नहीं छत्तीसगढ़ यूथ कांग्रेस को सम्मान दिलाया जिसके लिए स्थानीय नेताओं सहित युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी वी श्रीनिवास ने तुषार ठाकुर को बधाई दी तुषार ठाकुर ने युवा कांग्रेस के शिर्स नेतृत्व सहित सभी नेताओं का धन्यवाद ज्ञापित किया तुषार ठाकुर अपने बयान में कहते हैं की मोदी और भाजपा नेता मुस्लिम लीग, पाकिस्तान ,राम मंदिर की बात करते है मोदी के परिवार में किसान, बेरोजगार, महिला आदिवासी दलित सामिल नही है जबकि राहुल गांधी युवाओं को 30 लाख नौकरी , महिला सशक्तिकरण में महिलाओं के खाते में सालाना 1 लाख रूपए , एमएसपी कानून ,शिक्षा ऋण, ओ पी एस 25 लाख रुपए का हेल्थ बीमा लागू कर अग्नि वीर जैसी योजनाओं को खत्म करने का बात करते है , जिसका सीधा असर बस्तर संभाग की दोनों लोकसभा सीट कांकेर और बस्तर सहित हिंदुस्तान की कई सीटों पर देखने को मिल रहा है, भाजपा चंदा चकोरी की पार्टी हो चुकी है जिसने गौ हत्या करने वाली बीप कंपनी से तक चंदा लिया है, हिंदू धर्म के नाम पर बीजेपी का पाखंड और आडंबर अब और नहीं चलेगा मोदी लोकतंत्र को खत्म कर /"वन नेशन वन इलेक्शन नहीं वन नेशन नो इलेक्शन चाहते हैं, जिसे हिंदुस्तान का संविधान कभी स्वीकार नहीं करेगा इंडिया गठबंधन के साथ पूर्ण बहुमत के साथ हिंदुस्तान में कांग्रेस वापसी कर रही है ।

# बाड़ी घेरने पर विवाद, महिला की पिटाई, पड़ोसी पर मामला दर्ज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

दुर्गुकोंदल थानांतर्गत घर के बाड़ी को घेरने की बात को लेकर पड़ोसी ने जान से मारने की धमकी देते हुए पास में रखे लकड़ी के डण्डा से महिला के साथ मारपीट किया है। पीड़िता महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पड़ोसी के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

दुर्गुकोंदल थाना में शिकायत करने पहुंची सड़कपारा कोदापाखा निवासी 36 वर्षीय पुष्पा बाई सिंहा पति लखन लाल सिंहा ने पुलिस को बताया कि मैं 24 अप्रैल की सुबह 10 से 11 बजे अपने घर बाड़ी में काम कर रही थी।

उसी समय मेरे पड़ोसी आरोपी तिलचंद सिन्हा पिता गोयदरू राम घर बाड़ी के पास आया और कहने लगा कि बाड़ी को मेरी जमीन में दबा के घेर दिए हो, ऐसा कहते हुए मेरे साथ गाली गलौच करने लगा। गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए अपने पास में रखे लकड़ी के डण्डा से मेरे सिर तथा गाल, बांए हाथ में हमला कर दिया। डंडे से हमला करने से मेरे को सिर मे चोट आई वहीं बीच बचाव करने के लिए मेरे पति तथा सास कमला बाई आए। मेरे पति बीच बचाव करने नहीं आते तो, हमारे साथ अनहोनी हो सकती थी और ज्यादा चोट आ सकती थी।

पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मारपीट व गाली देने वाले आरोपी तिलचंद सिन्हा के खिलाफ धारा 294, 323, 506 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

# प्राथमिक और माध्यमिक शाला मदले के परीक्षा परिणाम घोषित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

शासकीय प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक शाला मदले का परीक्षा परिणाम सोमवार को घोषित हुआ। कक्षा 1 ली से 8 वीं तक का परीक्षा परिणाम शत- प्रतिशत रहा।

प्राथमिक शाला का परीक्षा परिणाम प्रधान पाठक नरेन्द्र कुमार उयके एवं पूर्व माध्यमिक शाला का परीक्षा परिणाम प्रपा अरुण कुमार ध्रुव के द्वारा जारी किया गया एवं उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं को आगामी वर्ष में और अच्छे मेहनत और लगन के साथ पढ़ाई करके संस्था, गांव, अपने माता-पिता, तथा शिक्षकों का नाम रोशन करने की प्रेरणा दिया। कार्यक्रम को शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष भारत सिंह भुआर्य ने भी संबोधित किया। इसके पश्चात सभी छात्र-छात्राओं को अंकसूची का भी वितरण किया गया। कक्षा 5 वीं एवं कक्षा 8 वीं उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पुष्प गुच्छ, तिलक लगाकर, मुँह मीठा कर तथा कलम प्रदाय कर सम्मानपूर्वक विदाई एवं उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

इस अवसर पर माध्यमिक शाला के शिक्षक गेंद सिंह रावटे, कावेरी दर्रो, अतिथि शिक्षक पवन भुआर्य, महिला समूह के अध्यक्ष फातिमा मानिकपुरी, आसवत्ती भुआर्य, रसोइया विद्या मानिकपुरी, सफाईकर्मी चैतराम ध्रुव, जीवराखन धनेलिया, समस्त पालक तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन देवलू प्रसाद महावीर ने किया।

# दिनभर की कड़ी मेहनत के बाद छह गांव बिजली से हुए रौशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- 20 मिनट की तबाही का असर एक सप्ताह तक रहा
- आज तारागांव, एरमुर और मांदर के कुछ पारा में गड़ेंगे खंबे

कड़ी धूप के बीच लोहण्डीगुड़ा ब्लाक के 6 गांव में मजदूरों और बिजली विभाग के अधिकारी कर्मचारियों की मेहनत के बाद 6 गांव में बिजली की रोशनी पहुंची। पिछले सोमवार को 20 मिनट की आंधी से तहस नहस हुए इन गांव के ग्रामीणों ने सप्ताहभर तक अंधेरे में रहकर काफी परेशानियां झेली। आज सोमवार को सप्ताहभर की तकलीफों पर विराम लगा। लोहण्डीगुड़ा ब्लाक के बिजली विभाग के जुनियर इंजीनियर राकेश जगत ने हरिभूमि से चर्चा में बताया कि 11 केवी एरमुर फीडर से मांदर, नेगानार, इरिकपाल, एरमुर, कस्तुरपाल और सोनारपारा में शाम तक बिजली आ गई। कल रात को बड़ेधाराउर में बिजली आ गई थी। उन्होंने बताया कि तारागांव के ग्रामीणों को मैंने मंगलवार को अमले और गैंग के साथ आने का वादा किया है। इसलिए कल जिन इलाकों में बिजली बहाल नहीं हुई है वहां खंबा गाड़ने का काम किया जाएगा। तारागांव के अलावा एरमुर का एक पारा और मांदर के कुछ पारा में भी अंधेरा होने की बात कही गई है। इस तरह बचे हुए इन गांव में कल दिनभर काम चलेगा और उम्मीद है इसके साथ ही पूरे ब्लाक के प्रभावित सभी गांव के लोगों को राहत मिल जाएगी।



**घायलों का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार जारी**

# अनियंत्रित ट्रक ने पिकअप और सवारी वाहन को ठोंका, 11 घायल


हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

सोमवार को भानुप्रतापपुर से कांकेर मुख्य मार्ग पर चीजगांव मोड़ के समीप एक अनियंत्रित ट्रक से पिकप व सवारी वाहन में धक्का लगने से एक दर्जन लोग घायल हो गए। घायलों में कुमारी गनेश्वरी उम्र 25 वर्ष,कृष्ण नेताम 32,कृष्ण निषाद 35,बिसन्तिन कोरेटी 45,पदमा कल्लो 17,चन्द्रकान्त 65,रेखा मरकाम 30,डाली मरकाम 12,हिमेश सोनवानी 12,सावित्री सोनवानी 35,गोदावरी नेताम 25 वर्ष शामिल है।सभी घायलों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भानुप्रतापपुर में हुआ।

जानकारी के अनुसार करमोती गांव में नेताम परिवार के घर शादी चल रहा है जिसका आज बारात बैजनपूरी जा रहे थे। सामने में पिकप चल रही थी पीछे क्रूजर सवारी वाहन थी। इसी दौरान लौह अयस्क से लदी एक अनियंत्रित ट्रक पहले सड़क में लहराने लगा फिर ट्रक का टायर फट गया और पिकप को ठोकर मारी एवं इसके बाद सवारी गाड़ी में जा टकराई। अचानक हुए इस तरह के टक्कर से भाग-दौड़ होने लगी। इसके बाद लोग वहां जमा हुए एवं घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। बताया जा रहा है ट्रक चालक शराब के नशे में था मौके पर पहुंची पुलिस ने कार्यवाही में लिया है।







**करीब 1 घंटे तक ट्रैफिक जाम**

दुर्घटना मुख्य सड़क के बीच मे हुआ इस कारण यहां पर करीब 1 घंटे तक ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी रही। सड़क के दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई थी। मौके पर पहुँची पुलिस बल ने हेड्रा एवं जेसीबी मशीन के सहारे ट्रक को साइड लगाया तब लोग अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए निकले।

